## नर्मदा कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने

# कॉलेज कैंपस की साफ-सफाई के साथ वृक्षारोपण किया



**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस ,शासकीय नर्मदा कॉलेज में आज एनसीसी के छात्रों ने महाविद्यालय कैंपस में वृक्षारोपण और सफाई अभियान चलाया। प्रभारी डॉ यास्मीन खान ने बताया कि अनुशासन और देश प्रेम के साथ ही एनसीसी के छात्रों में पर्यावरण और महाविद्यालय को साफ और सुरक्षित रखने की भावना को जागृत करने के लिए यह अभियान चलाया गया है। जिसमें सभी एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक कार्य किया।

प्राचार्य डॉ अमिता जोशी ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनसीसी से जुड़ने का मतलब ही है कि हम अपने देश के हित के लिए स्वयं को तैयार करें ।मैं आप सबको बधाई और शुभकामनाएं देती हूं कि यह स्वच्छता अभियान कभी न रूके, ये हमारा स्वभाव,आदत और जन आंदोलन का रूप धारण कर चुका है, जीवन जीने की कला के साथ बिमारियों से दूर रहने का भी यही तरीका है। डॉ राजीव शर्मा ,डॉ महेश मानकर, डॉ आशीष तोमर ,डॉ राजीव द्विवेदी एवं समस्त एनसीसी के छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही।

# नर्मदा कॉलेज में एन सी सी कैडेट्स ने महाविद्यालय कैंपस की साफ सफाई के साथ वृक्षारोपण किया

**नर्मदापुरम। राज न्यूज नेटवर्क।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस ,शासकीय नर्मदा कॉलेज में आज एनसीसी के छात्रों ने महाविद्यालय कैंपस में वृक्षारोपण और सफाई अभियान चलाया। प्रभारी डॉ यास्मीन खान ने बताया कि अनुशासन और देश प्रेम के साथ ही एनसीसी के छात्रों में पर्यावरण और महाविद्यालय को साफ और सुरक्षित रखने की भावना को जागृत करने के लिए यह अभियान चलाया गया है। जिसमें सभी एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक कार्य किया।



प्राचार्य डॉ अमिता जोशी ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनसीसी से जुड़ने का मतलब ही है कि हम अपने देश के हित के लिए स्वयं को तैयार करें ।मैं आप सबको बधाई और शुभकामनाएं देती हूं कि यह स्वच्छता अभियान कभी न रूके, ये हमारा स्वभाव,आदत और जन आंदोलन का रूप धारण कर चुका है, जीवन जीने की कला के साथ बिमारियों से दूर रहने का भी यही तरीका है। डॉ राजीव शर्मा ,डॉ महेश मानकर, डॉ आशीष तोमर ,डॉ राजीव द्विवेदी एवं समस्त एनसीसी के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।